तापमान
अधिकतम 28 .0 डिग्री
न्यूनतम 24 .0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 सितंबर 2025

12 समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं जन समस्याएं



12 महिलाएं माता राधा रानी, दुर्गा व माता लक्ष्मी का रूप



## खबर संक्षेप

### दो पिस्तौल और एक कारतूस सहित दो काबू

**हिसार।** अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए टीम ने अलग-अलग स्थानों से दो व्यक्तियों को काबू कर उनके कब्जे से 2 अवैध पिस्तौल व एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ठंडी सड़क निवासी वासु को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 का एक अवैध पिस्तौल व कारतूस बरामद किया।

### भाणा-खाराखेड़ी रोड से 6.1 ग्राम हेरोइन सहित एक काबू

**हिसार।** आदमपुर पुलिस ने भाणा-खाराखेड़ी रोड से एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 6.1 ग्राम हेरोइन बरामद की है। एएसआई रोहताश ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर उक्त स्थान से एक व्यक्ति को काबू किया, जिसकी पहचान गांव भाणा निवासी अमित उर्फ रावण के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पॉलिथीन की थैली से 6.1 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद हुई।

### अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में छात्राओं को किया जागरूक

**हिसार।** महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता को ध्यान में रखते हुए पुलिस की महिला समर्पित टीम ने अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में छात्राओं को उनके अधिकारों तथा महिला विरुद्ध अपराधों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर महिला मुख्य सिपाही किरण ने विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए छात्राओं को कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबरों और महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया।

### डस्टबिन न लगाने पर दुकानदारों के काटे चालान

**हिसार।** स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम की स्वच्छता शाखा ने राजगुरु मार्केट में निरीक्षण करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले 11 दुकानदारों पर कार्रवाई की। डस्टबिन का उपयोग न करने पर प्रत्येक दुकानदार पर रुपये 100 का चालान काटा गया और कुल रुपये 1100 का जुर्माना वसूला गया। यह निरीक्षण नगर निगम आयुक्त नीरज के आदेश व अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल और विशेष सफाई अधिकारी हरजीत के दिशा-निर्देशों के तहत किया गया।

### खेदड़ में शांतिदिवस पर गतिविधियां आयोजित

**बरवाला।** गांव खेदड़ में स्थित डीएवी राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बड़े उत्साह और उल्लास के साथ शांतिदिवस श्वेत रंग पर आधारित गतिविधियों द्वारा मनाया गया। सभी बच्चे व अध्यापकगण सफेद परिधान पहनकर विद्यालय आए जिस से वातावरण शांति एवं सादगी से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिस में विद्यार्थियों ने सफेद रंग के महत्व पर भाषण, कविताएं और लघु नाटिकाएं प्रस्तुत कीं। शिक्षकों ने बच्चों को समझाया कि सफेद रंग शांति, पवित्रता और एकता का प्रतीक है।

### समाजसेवी के जन्मदिवस पर भंडारा लगाया

**आदमपुर।** बस स्टैंड स्थित गोपी राम धर्मशाला के संस्थापक स्व. गोपीराम अग्रवाल के 100वे जन्मदिवस के उपलक्ष्य में धर्मशाला में भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर परिवारजनों ने हवन यज्ञ में आहुति डाली तथा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने लंगर ग्रहण किया। इस मौके पर अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। दूसरी तरफ बस स्टैंड स्थित रामदेव मंदिर के प्रांगण में भी सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया।

लगातार बारिश होने से बरसाती पानी निकासी का कार्य हो रहा प्रभावित, जलभराव से जनजीवन प्रभावित

# रिहायशी कॉलोनियों, बिजली घरों, स्वास्थ्य केंद्रों व सरकारी स्कूलों में भी 3 से 5 फुट तक जलभराव

*हिसार-घग्गर ड्रेन के साथ लगते आधा दर्जन से अधिक गांवों में प्रशासन ने बढ़ाई निगरानी, सिंचाई विभाग की टीम के साथ-साथ डायल 112 पर भी करेगी गश्त*

## बारिश का सिलसिला नहीं थमा तो कई गांवों में और अधिक बिगड़ सकते हैं हालात

- डीसी ने जलभराव से प्रभावित गांवों का दौर कर राजस्व अधिकारियों को हालिया बरसात और ड्रेन टूटने से फसलों को हुए नुकसान के आकलन के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित है। भारी बरसात व ड्रेनें टूटने के कारण खेतों के साथ-साथ कई गांवों की रिहायशी कॉलोनियों, बिजली घरों, स्वास्थ्य केंद्रों व कई सरकारी स्कूलों में भी जलभराव की स्थिति है। कई जगहों पर 3 से 5 फुट तक जलभराव है। पिछले 24 घंटे में हुई बारिश के कारण सबसे ज्यादा असर बरवाला उपमंडल के कई गांव प्रभावित हुए है। सोमवार को घिराय ड्रेन भी टूट गई, जिसके कारण उसके साथ लगते खेतों और ढाणियों में जलभराव हो गया। बार-बार बारिश आने से प्रशासन की तरफ से जल निकासी के लिए करवाए गए कार्यों में भी दिक्कत आ रही है। बारिश का सिलसिला अगर नहीं थमता है कि जिले के कई गांवों के हालात और अधिक बिगड़ सकते हैं। उधर, पिछले एक सप्ताह में हिसार-घग्गर ड्रेन भी बार-बार कई गांवों में टूट चुकी है, जिसके कारण भी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। प्रशासनिक अधिकारी जिले के विभिन्न गांवों में जलभराव की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। वर्तमान में हिसार-घग्गर ड्रेन में क्षमता से दोगुना पानी का बहाव होने के कारण इसके साथ लगते करीब आधा दर्जन में प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। ड्रेन पर सिंचाई विभाग के साथ-साथ डायल 112 को भी गश्त के निर्देश दिए गए हैं। डीसी अनीश यादव ने सोमवार को जलभराव से प्रभावित गांवों का दौरा किया और राजस्व अधिकारियों को हालिया बरसात और ड्रेन टूटने से फसलों को हुए नुकसान के आकलन के निर्देश दिए।




**हिसार।** जलभराव के कारण आर्यनगर में गिरी मकान की दीवार व घिराय ड्रेन के टूटने के बाद खेतों में जाता पानी।

### प्रशासन ने पहले करीब 100 गांवों की भेजी थी रिपोर्ट

करीब एक सप्ताह पूर्व प्रशासन द्वारा तहसील वाइज तैयार की गई एक रिपोर्ट के अनुसार जिले के करीब 100 गांव में ऐसे है, जहां पर जलभराव है। इसके चलते जिले में करीब 57 हजार 832 एकड़ में 25 फीसद से अधिक फसलों में नुकसान का अनुमान लगाया गया था। इसमें से 7 हजार से अधिक एकड़ एरिया में फसलों को 75 से 100 फीसद नुकसान का आकलन किया गया था। रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों के लिए क्षति पूर्ति पोर्टल खोलने की सिफारिश सरकार को भेजी थी और उस पर लगातार किसान फसली नुकसान दर्ज करवा चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार जिले के गांव शाहपुर, लुदास, न्योलीकलां, आर्यनगर, सीसवाल, सारंगपुर, कोहली, महलसरा, सातरोड, रायपुर, शिकारपुर, भगाना, गंगवा, मिर्जापुर, सुलखनी, राजली, धांसू, बुगाना, खरकड़ी, खोखा, घिराय, लितानी, चैनत, भाटला, रामायण, देपल, ढंढेरी, ढाणा कलां, ढाणा खुर्द, महेंदा, जमावड़ी, कुंभा, थुराना, जीतपुरा, भाटोल जाटान, सोरखी, गांव बास, बडाला, पुट्ठी, बढ़छप्पर, खरबला, मदन हेड़ी, सिंघवा खास, सीसर, मोहला, उगालन, भकलाना, धर्म खेड़ी, घुसकानी, पेटवाड़, पाली समेत करीब 100 गांवों में फसलों को नुकसान पहुंचा था।

### आर्यनगर में दीवार गिरी, बारिश और टूटी ड्रेन से संकट गहराया

गांव आर्यनगर में लगातार हो रही तेज बारिश और शाहपुर क्षेत्र में टूटी ड्रेन से खेतों के रास्ते होकर लुदास रोड तक पहुंचे पानी के कारण ओमप्रकाश के घर की दीवार गिर गई। गांव में सैकड़ों घर और भी खतरे की जद में हैं जिनके नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। ग्राम पंचायत के पूर्व सदस्य राजेश जनागल ने बताया कि पिछले पांच–छह सालों से हर मानसून में गांव आर्यनगर में बारिश का पानी भर जाता है। भूमिगत जलस्तर भी मात्र 2 से 3 फ्रीट रह गया है जिससे पूरा गांव सैम की समस्या से जूझ रहा है। स्थिति यह है कि हर वर्ष ड्रेन ओवरफ्लो होकर टूट जाती है और खेत-खलिहान से होते हुए पानी गांव के घरों तक पहुंच जाता है। आर्यनगर में बीपीएल कॉलोनी, बिजली घर, सरकारी स्कूल और अस्पताल आदि पहले से ही बारिश के पानी भरने और खड़े रहने की समस्या झेल रहे हैं ।

### पूर्व राज्य मंत्री ने जलभराव स्थिति का लिया जायजा

**उकलाना।** पूर्व राज्य मंत्री अनूप धानक ने खंड के गांव लितानी में कई दिनों से हो रही वर्षा से फसलों में हुए जलभराव का जायजा लिया। उन्होंने मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों से 100 किलोवाट का ट्रांसफार्मर तथा मोटर लगाने के लिए भी आग्रह किया ताकि जो जल भराव की स्थिति है उससे निजात मिल पाए।



### उपायुक्त अनीश यादव ने जलभराव से प्रभावित गांवों का किया दौरा

**हिसार।** उपायुक्त अनीश यादव ने सोमवार को जिले के विभिन्न गांवों में भारी बारिश के कारण उत्पन्न हुई जलभराव की स्थिति की अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया। शाहपुर में हिसार-घग्गर ड्रेन के टूटने के बाद सिंचाई विभाग द्वारा किए गए कार्यों का भी उन्होंने निरीक्षण किया। उपायुक्त ने गंगवा, शाहपुर, न्योली कलां, मात्रश्याम सहित अन्य गांवों में हुए नुकसान की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि खेतों और रिहायशी इलाकों से जल्द से जल्द जल निकासी की जाए। विशेष रूप से सिंचाई विभाग के अधिकारियों को घग्गर ड्रेन सहित ऐसी सभी ट्रेन के तटबंधों की निगरानी के निर्देश दिए गए, जिनमें क्षमता से अधिक पानी बह रहा है। जेसीबी व पोकलेन मशीनें, मिट्टी के कट्टे, लोहे की चद्दर, बल्लियां, बीटी पंप, जनरेटर इत्यादी की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था रखी जाए ताकि जरूरत पड़ने पर इसका प्रयोग में लाया जा सके। इसके अलावा विभागीय श्रमिकों के साथ-साथ मनरेगा श्रमिकों को भी जरूरत पड़ने पर तुरंत बुलाया जाए। निरीक्षण दौरे के दौरान उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी जलभराव की स्थिति गंभीर है, वहां अतिरिक्त पंपिंग सेट लगाकर तत्काल प्रभाव से पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जल निकासी के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को प्रतिदिन कार्य की प्रगति की रिपोर्ट जिला मुख्यालय को भेजनी होगी। उन्होंने ग्रामीणों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और सुझाव लिए।

- खेतों और रिहायशी इलाकों से जल्द से जल्द जल निकासी करने के निर्देश



**हिसार।** जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा करते उपायुक्त अनीश यादव।

### राजस्व अधिकारियों को नुकसान के आकलन की दी हिदायत

उपायुक्त अनीश यादव ने हाल ही में हुई बरसात व ड्रेन टूटने से जलभराव के कारण क्षतिग्रस्त हुई फसलों, आबादी क्षेत्र में हुए नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। फसलों में हुए नुकसान के आकलन के बाद उसकी भरपाई के लिए पोर्टल खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल पिछले दिनों हुई बरसात के कारण से हुए फसली नुकसान के लिए अभी तक 79 गांवों के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खुला हुआ है। सोमवार सायं तक कुछ और गांव क्षतिपूर्ति पोर्टल पर खराबे के पंजीकरण हेतु खोल दिए जाएंगे। अभी तक इस पोर्टल पर 9 हजार 722 किसानों द्वारा फसलों में हुए नुकसान को दर्ज करवाया गया है। 61 हजार 421 एकड़ से अधिक क्षेत्र में अब तक हुआ खराबा पोर्टल पर दर्ज किया जा चुका है। इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, बीडीओ कीर्ति सिरोहीवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाढ़ से हालात बने बदतर प्रशासन तुरंत उठाए कदम



**हिसार।** कांग्रेस के ग्रामीण जिलाअध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने गांवों में पानी निकासी के सरकार व प्रशासन के इंतजाम को ऊंट के मुंह में जीरा बताते हुए कहा कि हिसार जिले के गांवों में बाढ़ का पानी ग्रामीणों के घरों में कई-कई फिट तक भरा हुआ है और वे भारी परेशानियों से गुजर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बरसात के पानी व ड्रेन इत्यादि टूटने से किसानों की हजारों एकड़ फसल पानी में पूरी तरह डूबकर बर्बाद हो चुकी है। ग्रामीण क्षेत्र में बरसाती व बाढ़ के पानी ने कहर बरपाया हुआ है।

### किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करेगी सरकार : कैबिनेट मंत्री

- राजस्व व पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ प्रभावित गांवों का किया दौरा



**हिसार।** कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने सोमवार को बरवाला विधानसभा क्षेत्र के राजली, बुगाना, सुलखनी, मिर्जापुर आदि गांवों का दौरा किया और जलभराव से प्रभावित क्षेत्र से जल निकासी को लेकर अतिरिक्त संसाधन लगाए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बरवाला के एसडीएम डॉ वेद प्रकाश बेनीवाल, पंचायत एवं विकास अधिकारी रोशन लाल श्योराण सहित जनस्वास्थ्य व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को लेकर आबादी व कृषि क्षेत्र का अवलोकन किया और कहा कि विभागीय श्रमिकों के अलावा मनरेगा श्रमिकों को भी जल निकासी व अन्य राहत कार्यों में लगाया जाए। कैबिनेट मंत्री को अवगत करवाया गया कि बिजली सब स्टेशन में पानी भरने के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई थी, जिसे रिस्टोर कर दिया गया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में जलभराव से फसलों को काफी नुकसान हुआ है, जिला उपायुक्त की तरफ से राजस्व अधिकारियों से नुकसान की रिपोर्ट लेकर सरकार को भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान स्थिति को लेकर उनकी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी बात हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार फसलों को हुए नुकसान की भरपाई करेगी।

## स्वच्छता अभियान में एनजीओ निभाएंगे अहम भूमिका : मेयर

- संस्थाओं के हजारों फॉलोअर्स करेंगे शहर को स्वच्छता के प्रति जागरूक : नीरज

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर स्वच्छता अभियान को लेकर सोमवार को मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता और निगमायुक्त नीरज के संचालन में सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं, एनजीओ के संचालकों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक का उद्देश्य शहर में चल रहे स्वच्छता अभियान को और अधिक गति देना और इसमें सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करना था। इस दौरान मौजूद पार्षदों ने भी स्वच्छता अभियान में अपनी भूमिका निभाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि कोई भी संस्था या एनजीओ हमारे वार्ड में स्वच्छता के प्रति कार्य करेंगी। उनका हम पूर्ण समर्थन कर अभियान के दौरान सहयोग करेंगे। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम पूरे शहर में निरंतर स्वच्छता अभियान चला रहा है। मौजूद सभी संस्थाओं और एनजीओ से नगर निगम भागीदारी व सहयोग की अपेक्षा करता है। इस पर सभी ने सहमति जताई और अपने सुझाव भी दिए। निगमायुक्त ने कहा कि कुछ संस्थाओं के हजारों की संख्या में फॉलोवर्स है। वो सभी स्वच्छता के बारे में जागरूक कर सकते है। एनजीओ भी इस अभियान में अपनी अहम भूमिका निभा सकते है। जिस पर सभी ने अपनी सहमति जताई।

मेयर प्रवीण पोपली ने बैठक के दौरान कहा कि संस्था और एनजीओ के सदस्य अपना रोड मैप तैयार करे और उसे नगर निगम के साथ साझा करके स्वच्छता के प्रति क्षेत्रवासियों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभा सकते है।




**हिसार।** सामाजिक संस्थाओं व एनजीओ के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते मेयर प्रवीण पोपली।

### सिंचाई विभाग कर्मचारियों ने धरना और प्रदर्शन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की सिंचाई विभाग शाखा ने विभाग के अधिकारियों पर कर्मचारियों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए सिंचाई विभाग परिसर में धरना देकर प्रदर्शन किया। धरना की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान विनोद फौजी ने की तथा संचालन सचिव दीपक मेहरा किया। धरने में जिला चेयरमैन नरेश गौतम, प्रधान ओमप्रकाश माल, उप प्रधान प्रीतम, ऑडिटर सतीश दानोदा, प्रेस सचिव राजेश महिच, सुरेंद्र फौजी, जोगेंद्र फौजी, विनोद भाटिया, मोहित कालड़ा, अमित रंगा आदि रहे।

## साइबर अपराधियों के मंसूबों को नाकाम करने के लिए करें ठोस पासवर्ड का करें प्रयोग: एसपी

- नेट बैंकिंग, ईमेल, फेसबुक, इंस्टाग्राम इत्यादि अकाउंट पर मजबूत पासवर्ड लगाएं ताकि अगर हैकर आपके खाते पर अटैक करता है तो वह विफल हो जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा है कि आज के दौर में हर काम इंटरनेट पर निर्भर हो गया है। तमाम तरह के वित्तीय लेन देन मोबाइल के माध्यम से हो रहे हैं। जैसे-जैसे वित्तीय लेनदेन को लेकर मोबाइल व इंटरनेट पर निर्भरता बढ़ी है, वैसे-वैसे साइबर ठगी की घटनाओं में भी इजाफा हो रहा है। ऐसे में कमजोर पासवर्ड होने की वजह से कई बार साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अटैक से बचने के लिए मजबूत पासवर्ड का अहम योगदान हो सकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपने नेट बैंकिंग, ईमेल, फेसबुक, इंस्टाग्राम इत्यादि अकाउंट पर मजबूत पासवर्ड लगाएं ताकि अगर हैकर आपके खाते पर अटैक करता है तो वह विफल हो जाए। डेट ऑफ बर्थ या अपने परिवार के किसी सदस्य का नाम या इसके अलावा पासवर्ड बनाते समय कीबोर्ड पर एक पंक्ति के अक्षरों का इस्तेमाल न करें।



## ट्रैफिक पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

खांडा मोड़ पर ट्रैफिक इंचार्ज रामनिवास चहल ने नाका लगाकर वाहनों की चेकिंग का अभियान शुरू किया। इस दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल चालक को रोक मशीन से चेकिंग की तो उसने शराब पी हुई थी और मोटरसाइकिल के कागजात भी पूरे नहीं थे। उसका 22 हजार रुपये का चालान कर मोटरसाइकिल इंपाउंड कर दिया। दूसरे मोटरसाइकिल वाहन चालक के पास भी कोई कागज नहीं मिला उसका 22500 का चालान किया गया। स्कूटी वाहन चालक भी शराब पीकर चला रहा था। और उसके कागज भी पूरे नहीं थे पुलिस ने उसका भी 15 हजार रुपये का चालान किया। ट्रैफिक इंचार्ज रामनिवास चहल ने कहां की सभी वाहन चालकों से अनुरोध है कि वह वाहन चलाते समय ट्रैफिक के नियमों का पालन करें और अपने वाहन के सभी कागज साथ लेकर चलें।

गोशालाओं को वितरित की एक करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि

# सरकार ने गोशालाओं के लिए 40 करोड़ के बजट को बढ़ाकर 600 करोड़ रुपये प्रति वर्ष किया : रणबीर गंगवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने सोमवार को गांव जुगलान की बाबा मोती नाथ गोशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गोशालाओं को एक करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि के चेक वितरित किए।

इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा प्रदेश की विभिन्न गोशालाओं के लिए पशु चारे व अन्य कार्यों के लिए 600 करोड़ रुपए प्रति वर्ष का प्रावधान किया है। पूर्व सरकार में यह बजट केवल 40 करोड़ रुपए था। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गोवंश संरक्षण तथा संवर्धन कानून को लागू किए जाने के बाद वर्तमान सरकार ने गायों के संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य किया है, साथ में गायों की नस्ल सुधार की दिशा में भी हमारे पशु वैज्ञानिकों ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज की हैं।



**हिसार।** गोशाला चेक वितरण कार्यक्रम में उपस्थित कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा।

### इन गौशालाओं को वितरित किए गए चेक

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने श्री गौ रक्षा सेवा समिति बरवाला को 9 लाख 30 हजार 600 रुपये, श्री लाडवा गौशाला को 14 लाख 95 हजार 350 रुपए, श्री गोपाल गोशाला बरवाला को 12 लाख 82 हजार 500 रुपए, श्री शिव गोशाला समिति नियाना को 14 लाख 44 हजार 500 रूपए, राधा कृष्ण गोशाला धांसू को 8 लाख 49 हजार 150 रुपए, श्री शालिग्राम गोधाम तलवंडी राणा को 7 लाख 42 हजार 500 रुपए व 9 लाख 47 हजार 70 रूपए, उमा मनोहर गौ सेवा सदन तलवंडी राणा को 1 लाख 64 हजार 250 रूपए, बाबा मोती नाथ गोशाला जुगलान को 8 लाख 92 हजार 800 रूपए व 13 लाख 46 हजार 400 रुपए की धनराशि के चेक वितरित किए गए।

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
2 सितंबर 2025

विशेष
शिक्षक दिवस
5 सितंबर



# सबसे बड़ा शिक्षक है समय

समय अच्छा हो या बुरा, समयानुसार घर-परिवार का जीवन, प्रोफेशनल लाइफ के उतार-चढ़ाव, ये हमें ऐसे सबक सिखाते हैं कि शिक्षक भी क्या सिखाएंगे। हर समय-काल में हम जो भी करते हैं, देखते हैं, ये सब हमें व्यावहारिक जीवन का पाठ पढ़ाते हैं, जीवन जीने की कला सिखाते हैं। जीवन में इसकी सार्थकता, उपयोगिता को हर किसी को जरूर समझना चाहिए।

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

घड़ी की टिक-टिक के साथ जिंदगी में हर पल, हर दिन, सामने आने वाले उतार-चढ़ाव, सुख-दुःख और सफलता-असफलता से जुड़े कई बदलाव। यानी, साथ चलने वाला टाइम जो सिखाता है, वो कोई नहीं सिखा सकता। पीड़ा का दौर हो या सुख का समय, अनगिनत सबक अपने साथ लाता है। यह हमसे जुड़े हालातों की ही नहीं, खुद हमारी हिम्मत और सूझ-बूझ की हकीकत से रूबरू करवा देता है। वक्त वाकई एक शिक्षक की तरह ही है, जो जीवन से जुड़े कितने ही फ्रंट्स पर एक नया नजरिया देता है। सीख और समझ के नए पाठ पढ़ाता है। कभी सजगता तो कभी सकारात्मकता के सबक देता है। जिंदगी का ऐसा कोई पहलू नहीं, जिससे जुड़ी सीख शिक्षकों से नहीं मिलती। कुछ इसी तरह समय भी जीवन के हर पक्ष पर कोई ना कोई सबक देता ही है, जरूरत इस बात की होती है कि वक्त के हर पड़ाव पर मिलने वाले अच्छे-बुरे सबक हम याद रखें।

## सीखना एक सतत प्रक्रिया

'जब तक जीना तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।' स्वामी विवेकानंद का यह कथन व्यावहारिक धरातल से जुड़ा सच है। सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती है। समय की धारा में जीवन के पड़ाव बदलते रहते हैं। परिस्थितियों में उतार-चढाव आते रहते हैं, पर जिंदगी का हर लम्हा कुछ ना कुछ समझाकर जाता है, कभी दुःख में कोई सीख हमारे हिस्से आती है तो कभी सुख कोई पाठ पढ़ा जाता है। जीवन के कठिन दौर में इंसान धैर्य और ठहराव का सबक सीखता है। वहीं सहजता और खुशियों को जीते हुए सहृदय और विनम्र बनने की सीख मिलती है। समझने वाली बात यह है कि दोनों ही हर तरह की परिस्थितियों के, एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह जीवन में आती-जाती रहती हैं। कहते भी हैं कि समय एक जैसा कभी नहीं रहता, वक्त के साथ बहुत कुछ बदलता और नए रंग ढलता हुआ मानवीय जीवन का हिस्सा बना रहता है। जीवन की कक्षा में शिक्षक बन सबक सिखाने वाला समय कभी नहीं ठहरता, जिसके चलते जिंदगी में नए सबक पाने के मोर्चे पर भी कोई ठहराव आता है, यही बात जीवन को गतिशील बनाए रखती है।

### वास्तविकता से परिचय

जिंदगी के हर फ्रंट पर वक्त इंसान को हकीकत से रूबरू करवाता है। अपने-पराए का भेद समझने की बात हो या खुद अपने अहंकार के बदले कुछ खो देने की स्थिति, समय गुरु बन हर परिस्थिति को स्पष्टता से समझा देता है। समय के साथ बनने-बिगड़ने वाले हालात ही इंसान को जीवन के हर सच से मिलवाते हैं, कहा भी जाता है कि वक्त किसी के लिए नहीं रुकता। इसीलिए समय से मिलने वाली शिक्षाएं, जीवन में प्राथमिकताएं तय करने का भाव भी लाती हैं। बीते पल लौटकर नहीं आते, यह समझ जिंदगी को खुलकर जीने की सोच को बल देती है। समय-समय पर हुई गलतियां इंसान में गैर-जरूरी चीजों के पीछे भागते रहने के बजाय, सुकून के साथ जीने का जज्बा पैदा करती हैं। इतना ही नहीं, हकीकत के धरातल पर वक्त ही रिश्तों के कच्चे-पक्के रंगों से भी मिलवाता है। हकीकत का सामना करवाने वाला समय का फेर हमें जीवन के ही नहीं, मन के मोर्चे पर भी बदल देता है। समय इंसानी समझ के पहलू को संवारता है। तालमेल की सीख देता है। जैसे शिक्षकों की भूमिका सोच को दिशा देने में अहम होती ही है, व्यावहारिक समझ को बेहतर बनाने में भी उनका अमूल्य योगदान होता है, वैसे ही समय का पाठ समय ही पढ़ाता है।



## हर पीड़ा का मरहम

वक्त हर पीड़ा का मरहम होता है। समय ही यह सिखाता है कि जीवन का हर दौर गुजर जाता है, इसीलिए धैर्य और दृढ़ता का गुण हम टाइम टीचर से ही सीखते हैं। समय हमारे भीतर यह भरोसा जगाता है कि मन की टूटन हो, रिश्तों का अलगाव हो या काम-काजी जिंदगी के फ्रंट पर कोई उलझाव-बिखराव, एक दिन सब ठीक हो जाता है। बस खुद को थामे रहने की दरकार होती है। कोई नेगेटिव कदम उठाने से दूर, वक्त दुख-दर्द झेलते हुए धैर्य रखना सिखाता है। समय कभी बदलाव को स्वीकार आगे बढ़ना तो कभी हालातों का डटकर सामना करने का पाठ पढ़ाता है। कहते हैं कि समय के फेर के आगे इंसान कुछ नहीं कर सकता है। हां, इस फेर में 'टाइम टीचर' से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। सच तो यह है कि इंसान किसी पुस्तक में पढ़े पाठ को भूल सकता है पर समय के उतार-चढावों से मिले किसी भी सबक को भुला पाना मुश्किल होता है। लाजिमी भी है, क्योंकि समय ऐसे सबक कठिन परीक्षा लेकर देता है। अनमोल कहा जाने वाला समय, जीवन के बहुत से पहलुओं पर वाकई अमूल्य सीख दे जाता है।



# ऑफिस में ऐसे बनेगी अच्छी इमेज

हर वर्किंग वूमेन वर्क प्लेस पर अपनी अच्छी इमेज बनाए रखना चाहती है। यह प्रोफेशल प्रोग्रेस के लिए जरूरी भी है। अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखेंगी तो आपकी वर्क प्लेस इमेज बहुत बेहतर रहेगी, कुलीग्स ही नहीं, बॉस भी आपको एप्रिसिएट करेंगे।




वर्किंग वूमेन
प्रतिभा अग्निहोत्री

अकसर देखा जाता है, एक ही ऑफिस में कुछ महिलाएं अपने वर्क प्लेस पर बहुत अच्छी इमेज बना लेती हैं, वहीं बाकी महिलाएं अधिक काम करके भी ऐसा नहीं कर पातीं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कुछ महिलाएं सिर्फ काम करती हैं तो कुछ काम को स्मार्टली और बेहतर ढंग से अंजाम देती हैं। आप भी जरूर अपने वर्क प्लेस पर अपनी इमेज को अच्छा बनाना चाहेंगी, तो इन बातों को ध्यान में रखें-

**पंक्चुअल रहें:** अकसर महिलाओं को लगता है कि पांच-दस मिनट ऑफिस लेट आने से क्या फर्क पड़ता है या कौन सा बॉस देख रहा है? आपकी यह सोच आपकी प्रोफेशनल इमेज को खराब करती है। एक बार खराब इमेज बन जाने पर उसे सुधारना काफी मुश्किल होता है। टाइम से दस मिनट पहले ऑफिस पहुंचने का नियम बनाएं, इससे आपके सीनियर्स को लगता है कि आप अपने काम के प्रति काफी सीरियस हैं।

### विनम्र-व्यवहार कुशल बनें

कोई भी गलती हो जाने पर उसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करके सुधारने का प्रयास आपकी प्रोफेशनल लाइफ को बेहतर बनाएगा। अपने सहकर्मियों के साथ भी अपने व्यवहार को लचीला और सुमधुर रखें। इससे ऑफिस में आपकी छवि अच्छी रहेगी।



**कंफर्ट जोन से बाहर निकलें:** अकसर वर्किंग वूमेन, किसी भी नए काम को करने या एक्सपेरिमेंट करने से बचती हैं, वे बने-बनाए ढर्रे पर चलना पसंद करती हैं। ऐसा करने के बजाय आप अपनी तरफ से इनोवेटिव प्रयास करें, अपने काम में अपनी क्रिएटिविटी को जोड़ें। इस तरह काम करने से ऑफिस में आपकी एक अलग छवि बनेगी, जो आपकी प्रोफेशनल लाइफ की इमेज को बेहतर बनाएगी।

**वीकनेस पर वर्क करें:** अनामिका का अपने प्रोजेक्ट पर आइडिएशन बहुत अच्छा था, लेकिन उसका एग्जीक्यूशन उतना ही कमजोर था, जिससे अकसर उसका आइडिया भी फ्लॉप हो जाया करता था। ऐसा आपके साथ ना हो इसके लिए यह समझना होगा कि कमियां हर इंसान के काम में हो सकती हैं, लेकिन जरूरी है कि अपनी उन कमियों को पहचानें, उन्हें दूर करें। वर्कप्लेस में अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें जल्दी से जल्दी दूर करने का प्रयास करें, इससे आपकी छवि बेहतर बनेगी।

**समय सीमा का ध्यान रखें:** हर काम की एक निश्चित समय सीमा होती है। बेहतर है कि आप अपने हर ऑफिसियल कार्य को समय सीमा में ही समाप्त करें, इससे आपका कार्य समय पर समाप्त होगा ही, साथ ही बॉस की नजरों में आपकी इमेज भी बहुत अच्छी रहेगी।

**व्यवस्थित रहें:** अपने काम पर हमेशा फोकस्ड रहें, साथ ही व्यवस्थित भी रहें। अपनी डेस्क, कबर्ड और फाइल्स को हमेशा व्यवस्थित रखें ताकि जरूरत पड़ने पर आप इन्हें जल्दी से निकाल सकें या फिर आपकी अनुपस्थिति में कोई दूसरा भी आवश्यकतानुसार इनका उपयोग कर सके।

मेडिकल एडवाइस
डॉ. धीरज कपूर
एचओडी-एंडोक्राइनोलॉजी
आर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम

हाल के वर्षों में बहुत सी महिलाएं थायरॉइड की समस्या से ग्रसित हो रही हैं। क्या हैं इस रोग के कारण, इसके लक्षणों को कैसे पहचानें, इससे बचाव और उपचार के बारे में डिटेल में जानिए।

# थायरॉइड जानें लक्षण-कराएं उपचार



हमारे शरीर में थायरॉइड नामक एंडोक्राइन ग्लैंड, गले के निचले हिस्से में स्थित होता है। इस ग्लैंड से खास तरह के हार्मोन टी-3 और टी-4 का स्राव होता है, जो शरीर की अनेक कोशिकाओं को सही ढंग से काम करने में मदद करते हैं। मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को नियंत्रित करने में भी इन दोनों हार्मोंस का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इनकी कमी या अधिकता से भूख, नींद, वजन, शारीरिक वृद्धि और मनोदशा प्रभावित होती है।

**रोग के कारण :** जब थायरॉइड ग्लैंड से निकलने वाले हार्मोन में असंतुलन हो जाता है तो व्यक्ति इससे संबंधित रोग से ग्रसित हो जाता है। इसके अलावा आनुवांशिकता, जन्मजात रूप से ग्लैंड की संरचना में कोई गड़बड़ी, एंटीबायोटिक्स या स्टेरॉयड दवाओं के साइड इफेक्ट से भी थायरॉइड ग्लैंड की कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है।

**रोग के प्रकार:** आमतौर पर इस समस्या के दो रूप देखने को मिलते हैं, पहले प्रकार की समस्या को हाइपोथायरॉइडिज्म कहा जाता है। इसमें थायरॉइड ग्लैंड धीमी गति से काम करता है। इसकी वजह से शरीर के लिए आवश्यक हार्मोन टी-3 और टी-4 बहुत सीमित मात्रा में यानी जरूरत से कम मात्रा में बनता है। इससे टीएसएच हॉर्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो ग्लैंड को अधिक मात्रा में हार्मोन बनाने के लिए उत्प्रेरित करता है। दूसरी अवस्था को हाइपरथायरॉइडिज्म कहते हैं। इसमें टी-3 और टी-4 हार्मोंस अधिक मात्रा में बनने लगता है, इससे टीएसएच यानी थायरॉइड स्टिम्युलेटिंग हार्मोन का निर्माण सीमित मात्रा में होने लगता है। रिसर्च से यह तथ्य सामने आया है कि अधिकतर लोगों में हाइपो थायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर घटने की समस्या देखने को मिलती है। हाइपरथायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर बढ़ने की समस्या एक प्रतिशत लोगों में ही देखने को मिलती है।

**प्रमुख लक्षण :** इस रोग में अलग-अलग लक्षण दिख सकते हैं। हाइपोथायरॉइडिज्म में जहां वजन बढ़ना, कब्ज, बाल झड़ना, त्वचा में रूखापन, पीरियड्स में अनियमितता, थकान और सुस्ती जैसे लक्षण नजर आते हैं, वहीं हाइपरथायरॉइडिज्म में वजन घटना, लूज मोशन, बेचैनी, पीरियड्स में ज्यादा ब्लीडिंग, चिड़चिड़ापन और अनिद्रा जैसे लक्षण नजर आते हैं।

**रोग के साइड इफेक्ट्स :** थायरॉइड की समस्या के कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। कंसीव करने से पहले महिलाओं को थायरॉइड की जांच अवश्य करवा लेनी चाहिए। अगर कोई समस्या हो तो दवाओं के नियमित सेवन से उसे दूर करने के बाद ही पारिवारिक जीवन की शुरुआत करनी चाहिए। अन्यथा इसकी वजह से मिसकैरेज और शिशु में जन्मजात मानसिक दुर्बलता जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

प्रस्तुति: विनीता

### बचाव और उपचार



अगर थायरॉइड रोग से संबंधित कोई भी लक्षण नजर आए तो इसकी जांच अवश्य कराएं। अगर हाइपोथायरॉइडिज्म समस्या हो तो रोजाना सुबह खाली पेट दवाओं का सेवन जरूर करें। अगर हाइपरथायरॉइडिज्म हो, तो खाली पेट दवा लेना जरूरी नहीं है, आप किसी भी वक्त दवा ले सकती हैं। हर छह महीने के अंतराल पर नियमित जांच जरूरी है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में सोयाबीन, बंदगोभी और ब्रॉक्ली से परहेज करें। नियमित जांच और दवाओं का सेवन ही इसका एकमात्र उपचार है। गंभीर स्थिति में आयोडीन थेरेपी भी दी जाती है। यह जीवनशैली से जुड़ी समस्या है, स्वस्थ आदतें अपना कर और दवाओं के नियमित सेवन से इसे आसानी से मैनेज किया जा सकता है।



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# ड्राय बालों की ऐसे करें केयर

बहुत सी महिलाएं अपने रूखे और बेजान दिखने वाले बालों से परेशान रहती हैं। इनके उपचार के लिए सैलून जाती हैं या कॉस्मेटिक उत्पादों का सहारा लेती हैं, लेकिन इसके बावजूद अकसर समस्या का सही समाधान नहीं मिल पाता। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो कुछ बहुत ही आसान घरेलू तरीके से उपचार कर सकती हैं। कैसे, विस्तार से यहां बता रहे हैं आपको।

**तेल और दही :** आपकी रसोई में रखा सरसों का तेल और दही बालों के रूखेपन की समस्या को काफी हद तक दूर कर सकता है। इसके लिए कांच की कटोरी में दो चम्मच ताजा दही लें और उसमें एक चम्मच सरसों का तेल मिलाएं। दोनों को अच्छी तरह मिक्स करके एक चिकना पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को अपने सिर की त्वचा और बालों की लंबाई पर अच्छी तरह लगाएं ताकि यह बालों में समा जाए और आधे घंटे बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो डालें।





**एलोवेरा जैल :** ड्राय बालों को मॉयश्चराइज करने में एलोवेरा जैल मदद करता है। एलोवेरा जैल को सीधे बालों पर लगाएं और 30 मिनट बाद धो लें। एलोवेरा जैल को बालों पर सीधा लगाने के बजाय आप इसे दही के साथ मिक्स कर अपने बालों पर लगा सकती हैं। इसके लिए आप ताजे एलोवेरा जैल को एक कंटेनर में निकाल लें। फिर इसमें दो बड़े चम्मच दही मिक्स कर दें। अब इस मिश्रण को फेंट लें। इसे अपने बालों में 30 मिनट के लिए लगाकर रखें और बाद में बालों को माइल्ड शैंपू से धो डालें। इससे ड्राय बाल मॉयश्चराइज्ड हो जाएंगे।

**नीबू और दही :** बालों की रूसी से छुटकारा पाने के लिए दही और नीबू को साथ मिलाकर लगाया जा सकता है। आधा कप दही में कुछ बूंदें नीबू के रस की मिलाएं और बालों पर लगाकर आधे घंटे रखने के बाद धो लें। इससे सिर की खुजली भी कम हो जाती है।

**बाल बनेंगे मुलायम :** बालों को नम और मुलायम बनाने में नारियल तेल काफी फायदेमंद साबित होता है क्योंकि नारियल का तेल एक नेचुरल मॉयश्चराइजर है, जो बालों में प्रवेश करके उन्हें मुलायम बनाता है और बालों की जड़ों तक नमी पहुंचाता है। अच्छे परिणाम के लिए सप्ताह में एक बार गुनगुने नारियल तेल से बालों की जड़ों से लेकर सिरे तक मालिश करें और इसे आधे घंटे के लिए छोड़ दें ताकि नारियल तेल बालों में अच्छी तरह रच जाए, फिर माइल्ड शैंपू कर लें।



# बहुत जरूरी है सस्टेनेबल लाइफस्टाइल



पॉली बैग्स को कहिए 'ना'



ना होने दें पानी की बर्बादी



सोलर एनर्जी का करें यूज

अवेयरनेस
बुशरा फातमा

जिंदगी की भाग-दौड़ में हम अपनी सुविधाओं और लापरवाही के लिए प्रकृति पर लगातार बोझ डाल रहे हैं। आए दिन होने वाली प्राकृतिक आपदाएं हमें आगाह कर रही हैं कि अगर हमने समय रहते प्राकृतिक संसाधनों को नहीं सहेजा तो भविष्य में छोटी-छोटी चीजों के लिए हम तरसेंगे। इसलिए हमें अपनी जीवनशैली में कई तरह के बदलाव लाने की जरूरत है, जो सस्टेनेबल हों, जिससे हमारी जरूरत और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहे।

**जरूरतों को नियंत्रित करें:** कई बार हम ऐसी चीजें भी खरीद लेते हैं, जिसकी जरूरत शायद ही कभी हमें पड़े। चूंकि वो चीज हमें पसंद आ गई तो हम उसे खरीद लेते हैं। सस्टेनेबिलिटी का पहला कदम ही यही है कि जब जरूरत हो तभी सामान खरीदें।

**प्लास्टिक का मिनिमम यूज करें:** अपने दैनिक इस्तेमाल में जितना हो सके प्लास्टिक की जगह कांच, स्टील आदि का इस्तेमाल करें। प्लास्टिक न सिर्फ पर्यावरण के लिए नुकसानदेह होता है बल्कि इससे हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। किचेन में इस्तेमाल होने वाले सामानों के लिए प्लास्टिक का चुनाव बिल्कुल ना करें। बच्चों के लिए फैंसी प्लास्टिक बॉटल्स और टिफिन की जगह स्टील के टिफिन खरीदें। जब हम बाहर जाते हैं तो पानी की बोतल खरीद लेते हैं या चाय कॉफी के लिए प्लास्टिक के डिस्पोजेबल कप का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन अगर हमें अपनी धरती को बचाना है और अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना है तो पानी बोतल हमेशा घर से लेकर जाएं। कपड़े का बैग हमेशा साथ लेकर मार्केट के लिए निकलें ताकि प्लास्टिक बैग में सामान लेने की जरूरत न पड़े।

**रोकें पानी की बर्बादी:** यह बात हम सब जानते हैं कि साफ-मीठे पानी के प्राकृतिक स्रोत अब कम हो गए हैं, फिर भी हम पानी के अनावश्यक इस्तेमाल से खुद को रोक नहीं पाते। वर्षा जल का संरक्षण भी जरूरी है। इसके लिए किचेन के वेस्ट वाटर को गार्डनिंग में इस्तेमाल कर सकते हैं। वॉश बेसिन में ब्रश करते समय, बाथरूम में नहाते समय पानी बर्बाद होने से रोकें।

**ऊर्जा की बचत है जरूरी:** घर में ऐसे लाइट्स लगवाएं, जिसमें ऊर्जा की कम खपत हो। संभव हो तो सोलर एनर्जी का यूज किया जा सकता है।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### निगम ने शहर से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम की तहबाजारी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि रेड स्क्वेयर मार्केट, डाबड़ा चौक पुल के नीचे से, एचएयू गेट नम्बर 4 के सामने से, कैमरी रोड, दिल्ली रोड, अतिक्रमण हटाया गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सिरसा चुंगी से लेकर जिंदल पुल तक रोड पर अतिक्रमण नहीं था। इस दौरान तहबाजारी टीम के साथ जेई राजकुमार मौजूद रहे।

### किसान सभा ने ज्वलंत मुद्दों को लेकर की बैठक

**हिसार।** अखिल भारतीय किसान सभा की हिसार तहसील कमेटी की बैठक नवदीप कॉलोनी स्थित प्रभात भवन में प्रधान रमेश मिरकां की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन तहसील सचिव अभय राम फौजी ने किया। बैठक में किसानों, आम जनता व मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए तहसील सचिव अभय राम फौजी ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से देश व प्रदेश मे बाढ़ के कारण बर्बाद हुई फसलों की तुरन्त गिरदावरी करवाने, पानी की निकासी का उचित प्रबन्ध युद्ध स्तर पर करते हुए आम जनता को राहत पहुंचाने, स्मार्ट मीटर योजना पर तुरन्त प्रभाव से रोक लगाते हुए रद्द करने आदि मांगें उठाई गई।

## श्री राधा अष्टमी बधाई महोत्सव धूमधाम से मनाया

# बरसाने बजत बधाई कीर्त ने लाली जाई

**बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं में उत्साह दिखा**

**राधा अष्टमी बधाई महोत्सव की शुरुआत गणेश पूजन राजेंद्र गर्ग और गोशाला की परिक्रमा करके की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। श्री राधा अष्टमी बधाई महोत्सव में बधाई गायन करती साक्षी बावा व भजनों पर झूमते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

बड़सी गेट के समीप मार्केट कमेटी के मैदान में स्थित बेसहारा गोशाला में रविवार रात को श्रीराधा अष्टमी बधाई महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में बधाई गायन मंदिर श्री लक्ष्मण चौतरा की संचालिका साक्षी बावा ने किया। महोत्सव के दौरान हुई बारिश के बावजूद भी श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला।

महोत्सव में विधायक विनोद भयाना के पुत्र साहिल भयाना मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। राधा अष्टमी बधाई महोत्सव की शुरुआत गणेश पूजन राजेंद्र गर्ग व गोशाला की परिक्रमा करके की गई।

महोत्सव में मंदिर श्री लक्ष्मण चौतरा की संचालिका साक्षी बावा ने मैं तो भानू बाबा के ढींग जाउंगी बधाई लेकर आउंगी, बरसाने बजत बधाई कीर्त ने लाली जाई, जन्मदिन लाडो दा, मेरी छोटी सी किशोरी बड़ी प्यारी लागे, नाम मेरी राधा रानी का जिस जिस ने गाया है व अन्य राधा रानी के भजनों पर श्रद्धालुगण जमकर झुमे। महोत्सव का आयोजन गोशाला का संचालन करने वाली क्लीन हांसी एंड ग्रीन हांसी सेवा समिति की तरफ से किया गया।

क्लीन हांसी एंड ग्रीन हांसी सेवा समिति के कोषाध्यक्ष सुभाष गोयल भट्ठे वाले ने बताया रविवार सुबह आई बारिश के बावजूद भी महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में भजन गायन के दौरान हल्की बूंदाबांदी होती रही। इसके बावजूद श्रद्धालुगण वहां उपस्थित रहे।



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता, सुरेंद्र राजपाल, लायंस क्लब के प्रधान दीपक मित्तल, समिति के प्रधान सतपाल खांडेवाला, राजेश कक्कड़, गुलशन नांगरू, अरुण आर्य, गोविंद गोयल व पंडित गौतम उपाध्याय, उपस्थित रहे।

# लोन देने के लिए बैंक हमेशा तैयार

- लोन मेले में 50 से ज्यादा ग्रुप तथा व्यक्तिगत लोन के लिए स्वीकृति पत्र दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना मंडी



उकलाना। लोन के स्वीकृति पत्र सौंपते बैंक अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

दी सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक उकलाना की ओर से दी सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक हिसार के दिशा निर्देशन में लोन मेले का आयोजन किया गया। इस लोन मेले में 50 से ज्यादा ग्रुप तथा व्यक्तिगत लोन के लिए स्वीकृति पत्र दिए गए। इस लोन मेंले का उद्देश्य महिलाओं के ग्रुप से महिला रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़े और अपना रोजगार स्थापित कर सकें और एक सक्षम महिला बने।

इसी उद्देश्य से ही ग्रुप बने तथा लोन की शुरुआत की गई। उन महिलाओं को शुरुआती तौर पर दो से चार लाख रुपए का लोन स्वीकृत कर दिया गया जिसमें सिलाई मशीन दूध सहित अनेक कार्य किया जा सकेंगे। वहीं इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत तौर पर भी 10 से 15-15 लाख रुपए के कई लोन स्वीकृत किए गए और उनको स्वीकृति पत्र दिए गए। इस लोन मेले में दी सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक उकलाना शाखा के प्रबंधक राजेश कुमार का विशेष योगदान रहा। इसमें शाखा सरसोद किनाला तथा चमारखेड़ा के अंतर्गत ग्रुप तथा व्यक्तिगत लोन के लिए स्वीकृति पत्र दिए। कार्यक्रम में ही उत्कृष्ट कार्य करने के क्षेत्र में 30 सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक उकलाना के प्रबंधक राजेश कुमार को महाप्रबंधक मुकेश यादव एवं भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना के माध्यम से विशेष सम्मान भी दिया गया। दी केंद्रीय सहकारी बैंक की डायरेक्टर एवं कार्यक्रम अध्यक्ष माया उर्फ राधिका गोदारा ने कहा कि बैंक का प्रयास है कि आमजन इस सुविधाओं का लाभ ले और उकलाना में लोन मेला लगने से अनेक लोगों को लाभ मिला है।

# भारतीय जीवन बीमा निगम का 69वां स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारतीय जीवन बीमा निगम में 69वां स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रांच-2 के मुखिया जोगिंदर सिंह भोला की अध्यक्षता में केक काटकर खुशी मनाई गई और सभी स्टाफ सदस्यों ने केक सेरेमनी में योगदान दिया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर उपस्थित डॉ. अश्विनी भयाना ने स्थापना दिवस की बधाई दी और कामना की कि सभी सदस्य भारतीय जीवन बीमा निगम को उन्नति और प्रगति के पथ पर अग्रसर रखेंगे। इस मौके पर एलआईसी की विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा की गई और जानकारी दी गई।



हिसार। भारतीय जीवन बीमा निगम में 69वां स्थापना दिवस मनाते अधिकारी व कर्मचारी।

# बेटियों के सशक्तिकरण के लिए शुरु की लाडो योजना

- प्रधानमंत्री की मां के लिए बोले गए अपशब्द पर माफी मांगें राहुल गांधी : नेहा धवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में महिला मोर्चा की अध्यक्षता में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश की प्रवक्ता नेहा धवन ने कहा है कि हरियाणा सरकार ने बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में एक और सराहनीय कदम उठाते हुए पंडित दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत की है। यह योजना बेटियों की शिक्षा और भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है।

नेहा धवन ने कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना 25 सितंबर से हरियाणा प्रदेश की 23 से 60 साल की उम्र की महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलना शुरू होगा। 25 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय और चौधरी देवी लाल की जयंती पर महिलाओं को वित्तीय सहायता सम्मान राशि मिलने के लिए पोर्टल लॉन्च किया जाएगा। नेहा धवन ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माता के लिए जो अभद्र भाषा का प्रयोग किया है वह हरियाणा प्रदेश की सभी महिलाओं का नेतृत्व करते हुए उसकी भरसक निंदा करती हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को इसके लिए पूरे देश की महिलाओं से माफी मांगनी होगी।

इस अवसर महिला जिला अध्यक्ष नीलम जांगड़ा, महामंत्री विजेंद्र लोहान, कीर्ति, श्री शर्मा, कुलशा नागर, बागपति, कौशल्या, ज्योति, प्रीति, रीना, निशा श्योराण, तमन्ना सोनी आदि उपस्थित रहे।



हांसी। पत्रकार वार्ता को संबोधित करती भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन।



हांसी। राधा नाम संकीर्तन में भजन प्रस्तुत करते वर्मा शर्मा बंधु।

### राधा रानी कृपा बरसाए रखना पर झूमे भक्त

**हांसी।** राधा नाम ही जीवन का आधार है, वृंदावन में हुक्म चले बरसाने वाली का, जिस भजन में राम का नाम नहीं भजन वो गाना नहीं चाहिए जैसे भजनों की प्रस्तुति पर भक्तजन झूम उठे। श्री राधा जन्माष्टमी उत्सव पर श्री बांके बिहारी सेवा संघ द्वारा श्री सत्यनारायण मंदिर में राधा नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान भजन गायक वर्मा शर्मा बंधुओं सहित मुस्कान उपाध्याय व वासु जोशी ने अपने भजनों की प्रस्तुति से भक्तजनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्योत प्रज्ज्वलित कर श्री गणेश वंदना के साथ हुई। नवीन लोहिया ने पत्नी सविना लोहिया के संग ज्योत प्रज्ज्वलित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट अशोक गर्ग ने की। श्री बांके बिहारी सेवा संघ के सचिव प्रवीण बंसल ने बताया कि कार्यक्रम में आए हुए सभी भक्तों का पटका पहना एवं चंदन का तिलक कर स्वागत किया गया। संकीर्तन में रामनिवास लोहिया, रमेश खरड़िया, राजीव शर्मा, कैलाश सिसोदिया, अरिहंत जैन, शंकर गोयल, सुनील दालवाला, अनिल लोहिया, मनजीत सिंह जांगड़ा आदि रहे।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने चलाया विशेष जागरुकता अभियान

- पुलिस ने महिला विरोधी अपराधों के विरुद्ध सजग रहने और अभद्र व्यवहार का साहसपूर्वक विरोध करने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। महिलाओं को जागरूक करती महिला पुलिस अधिकारी।

महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर हांसी पुलिस द्वारा सेफ सिटी कैंपेन चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत महिलाओं को अपराधों और असामाजिक तत्वों से सजग रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत महिला पुलिस की अलग-अलग टीमों ने सोमवार को हांसी पुलिस जिला क्षेत्र के नारनौंद, बास और शहर के प्रमुख स्थानों, बाजारों, कॉलेज, पार्क, शिक्षण संस्थानों, बस स्टेंड, मुख्य बाजार, एसडी कॉलेज रोड, प्रताप बाजार, बड़सी गेट, छाबड़ा चौक, बजरिया चौक सहित अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में महिलाओं और छात्राओं से संवाद किया और उन्हें महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों व असामाजिक तत्वों से सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीमों ने महिला विरोधी अपराधों के विरुद्ध सजग रहने और अभद्र व्यवहार का साहसपूर्वक विरोध करने का संदेश दिया। साथ ही रोडवेज बसों और बाजारों में फब्तियां कसने, छेड़छाड़ जैसी घटनाओं पर सर्च अभियान चलाया गया।

# रजत जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की



हिसार। समीक्षा बैठक में उपस्थित पीठ कमेटी पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मॉडल टाउन स्थित श्री आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम की रजत जयंती के शुभावसर पर 27 अक्तूबर से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाले श्री लक्ष्मी महायज्ञ और 108 श्रीमद् देवी भागवत कथा की तैयारियों को लेकर प्रबंधक कमेटी की एक समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कमेटी प्रधान सीए गौतम अग्रवाल और नवनियुक्त संरक्षक सतीश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से की। बैठक में अब तक की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया गया और 108 यजमान बनाने के कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में पीठ पदाधिकारियों राजमल काजल, लोकनाथ सिंगल, मदनलाल गोयल, सुशील बुडाकिया, राजेंद्र नांगरु, अशोक बंसल, रमेश चुघ, सीए विनोद डालमिया, अरुण अग्रवाल, राघव गोयल, राकेश नारंग व जयप्रकाश आदि ने भी अपने विचार रखे।

# भाजपा समर्थित नवनियुक्त दो पार्षदों ने ली शपथ

- दोनों पार्षदों ने पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। मनोनीत पार्षद सुनील बैरागी व राजबीर खेड़ीवाला को शपथ दिलाते नपा सचिव प्रदीप कुमार व चेयरमैन शमशेर कूकन।

नगर पालिका में सरकार द्वारा मनोनीत दो पार्षद सुनील बैरागी व राजबीर खेड़ीवाला को नगर पालिका के सचिव प्रदीप कुमार और नपा चेयरमैन शमशेर कूकन ने शपथ दिलाई। अब नगर पालिका में पार्षदों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। नवनियुक्त पार्षद सुनील बैरागी और राजबीर खेड़ीवाला ने बताया कि सरकार ने उन पर भरोसा जताकर जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसको वह पूरी मेहनत व निष्ठा के पूरी करने का काम करेंगे। उन्होंने प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का भी आभार जताया।

उन्होंने बताया कि सबसे पहले सफाई व्यवस्था की तरफ ध्यान देकर शहर को साफ सुथरा बनाने का काम करेंगे। नपा चेयरमैन शमशेर कूकन ने बताया कि शहर में 16 वार्ड है। सभी वार्डों में बिजली और पानी की पूरी व्यवस्था है। अब सरकार द्वारा मनोनीत किए हुए दो पार्षद और हमे मिल गए हैं। इससे हमको ओर मजबूती मिल गई है। शहर में विकास की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर अकाउंटेंट नीलम, मंडल अध्यक्ष कर्णपाल पेटवाड़, वाइस चेयरमैन सोनू नरवाल, पार्षद टेकराम, राजबीर, संदीप लोहान, सत्यवान, अमरजीत लोहान, दीपक शांडिल्य, सुखबीर, विनोद, अमित सैनी, नरेश वर्मा, सुरेश एमसी, सुभाष जांगड़ा, देवेंद्र व्यास,सोनी पहलवान, विजय इत्यादि विशेष

# शाखा प्रबंधक ने किया बीमा सप्ताह का शुभारंभ



हिसार। एलआईसी का स्थापना दिवस मनाते शाखा प्रबंधक लोकेश मीणा व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारतीय जीवन बीमा निगम सोमवार को अपना 69वां स्थापना दिवस मनाया। हिसार शाखा - प्रथम में भी एलआईसी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक लोकेश मीणा ने दीप प्रज्वलित कर बीमा सप्ताह का शुभारंभ किया । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सार्वजनिक बीमा कंपनी एलआईसी लगातार उन्नति की ओर अग्रसर है। संस्था की एयूएम 54 लाख 52 हजार 297 करोड़ है जो दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी बीमा कंपनी से 12 गुना अधिक है । उन्होंने कहा कि एलआईसी के लिए बड़ी गौरव का विषय है कि एलआईसी का क्लेम रेशों 99. 40 फीसद है । इस अवसर पर अभिकर्ताओं, पॉलिसी धारकों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई एवं सम्मानित किया गया । इस अवसर पर हेमंत कुमार जोशी सहित समस्त अधिकारी विकास अधिकारी , अभिकर्ता गण व कर्मचारी मौजूद रहे।



हिसार। मंच पर संत महाराज प्रवचन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सत्संग से हमें जीवन का लक्ष्य, मूल्य व उद्देश्य समझ में आता है : स्वामी सत्यानंद

**हिसार।** अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा हिसार के तत्वावधान में गोयंका सेवा सदन (देवी भवन) में प्रारंभ हुए सात दिवसीय संत प्रवचन के प्रथम दिवस महामंडलेश्वर श्री स्वामी विवेकानंद महाराज के कृपापात्र सोहं पीठाधीश्वर श्री स्वामी सत्यानन्द महाराज ने कहा कि जीवनोत्कर्ष के लिए सत्संग परमावश्यक है। उन्होंने कहा कि सत्संग के माध्यम से जीवन जीने का सलीका प्राप्त होता है। अनेकों समस्याओं का सामना करने की समझ आती है। सत्संग के माध्यम से ही जीवन का लक्ष्य, मूल्य, उद्देश्य समझ में आता है। सत्संग से जीवन की गलतियों में सुधार किया जा सकता है। इसी माध्यम से हमें अपनी संस्कृति व धर्म कर्म आदि के विषय में जानकारी हो पाती है।

## मेयर व निगमायुक्त ने शिक्षण संस्थानों के साथ की बैठक

# एनसीसी व एनएसएस के छात्र स्वच्छता के प्रति करेंगे जागरूक

**गतिविधियों को सोशल मीडिया पर साझा करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम के मुख्य सभागार में मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता और निगमायुक्त नीरज के संचालन में शैक्षणिक संस्थानों के संचालकों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक का उद्देश्य शहर में चल रहे स्वच्छता अभियान को और अधिक गति देना और इसमें सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करना था। अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने संस्थानों से आग्रह किया कि वे अपने परिसर में आयोजित हर कार्यक्रम को जीरो वेस्ट बनाएं और उसकी गतिविधियों को सोशल मीडिया पर साझा करें ताकि अन्य संस्थाएं भी प्रेरित हो सकें। उन्होंने कहा कि संस्थान अपने क्षेत्र और आस-पास की सफाई को नियमित रूप से सुनिश्चित करें। यदि परिसर में कैंटीन है, तो वहां उत्पन्न कचरे का सही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और वहां के स्टाफ को भी इसके प्रति जागरूक किया जाए।



हिसार। शिक्षण संस्थानों के साथ बैठक करते मेयर प्रवीण पोपली, साथ हैं निगमायुक्त नीरज। फोटो :हरिभूमि

**जनभागीदारी से बनेगा स्वच्छ हिसार : पोपली**

*मेयर प्रवीण पोपली ने अपील की कि संस्थान अपने कार्यक्रमों, वॉलिंटियर्स या अन्य माध्यमों से महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और उन्हें समझाएं कि वे खुले में कचरा न फेंकें, साथ ही गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालें और निगम की गाड़ियों में ठीक से निपटान करें।*

**ये रहे मौजूद**

बैठक में लेफ्टिनेंट कर्नल एम.के. उजाला, एफसी कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. अनिता सेहरावत, सीआर लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. कृष्ण कुमार, एचकेएसडी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सह-सचिव बृज भूषण, गुरू दक्ष पॉलिटेक्निक के प्रिंसिपल डॉ. सुनील और रविन्द्र, विजडम स्कूल डायरेक्टर हरपाल पिलानिया गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जहाज पुल के प्रिंसिपल सतेन्द्र सिंह, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल आदि रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, अमीषा शर्मा पुत्री राम सिंह निवासी नारनौंद तहसील नारनौंद जिला हिसार, हाल आबाद (पत्नी श्री विशाल शर्मा निवासी विकाश पुरी दिल्ली) ब्यान करती हूं कि मेरे नाम से एस बी आई बैंक नारनौंद में एक एफ डी अनीषा शर्मा पुत्री राम सिंह के नाम से दर्ज है। मुझे अमीषा शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाता है। उपरोक्त दोनो नाम मेरे ही है। -शपथकार

**ग्राम पंचायत जेवराखंड बरवाला (हिसार)**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव जेवरा में पशु अस्पताल व विकास केन्द्र भवन के मलबे की खुली बोली नीलामी दिनांक 05-09-2025 को सुबह 10 बजे राजकीय उच्च विद्यालय जेवरा में होगी। बोली दाता को पचास हजार रूपए सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। अन्य शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।

सरपंच
श्रीमती एकता ग्राम पंचायत, जेवरा (हिसार)
मो 94677 04691

**खबर संक्षेप**

### पूर्णिमा पर खाटू श्याम व सालासर बस यात्रा 6 को

**आदमपुर।** आदमपुर, हिसार व आसपास के भक्तों के लिए शनिवार 6 सितंबर को 91वीं खाटू श्याम सालासर बालाजी बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष अमित गोयल व मुकेश गोयल ने बताया कि यात्रा में श्रद्धालु खाटू श्याम, सालासर बालाजी व कालिका माता मंदिर के दर्शन करेंगे। इसके अलावा 12 सितंबर को मथुरा-वृंदावन-गोवर्धन-बरसाना पारिवारिक बस यात्रा रवाना होगी।

### संस्थाओं ने कैबिनेट मंत्री गंगवा को ज्ञापन सौंपा

**हिसार।** विभिन्न संस्थाओं से जुड़े अनेक लोगों ने नौकरियों में आरक्षण रोस्टर के हिसाब से देने तथा 15 से 27 प्रतिशत क्लास ए और बी में देने बारे कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को उनके आवास पर ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने आश्वासन दिया है कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर आरक्षण से संबंधित सभी समस्याओं का निदान करवाने की भरपूर कोशिश करेंगे।

### बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई कल

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिला हिसार, भिवानी, सिरसा, जींद, चरखी दादरी और फतेहाबाद के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 3 सितम्बर को मुख्य अभियंता/परिचालन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर, हिसार के कार्यालय में की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में कमेटी उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी।

### वनवासी कल्याण आश्रम की हुई प्रदेश स्तरीय बैठक

**हिसार।** वनवासी कल्याण आश्रम की प्रदेश स्तरीय बैठक में आगामी आयोजनों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। अखिल भारतीय महामंत्री योगेश बापट के सान्निध्य में फरीदाबाद में आयोजित की गई बैठक में प्रांत कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चुनाव भी करवाया गया। इस अवसर पर निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष रामबाबू सिंगल, हिसार जिला अध्यक्ष संजीव अरोड़ा, अजय सैनी व पवन सैनी ने हिस्सा लिया।

### क्लिनिक में आग लगी जान-माल की हानि नहीं

**सिवानी मंडी।** शहर के तोशाम रोड स्थित एक क्लिनिक में आग लग गई। क्लिनिक बंद होने के कारण पड़ोसियों ने जब धुआं निकलता देखा तो फायर ब्रिगेड को मामले की सूचना दी। गनीमत रही कि कोई जान माल की हानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार शहर के तोशाम रोड पर एक क्लिनिक में शाम के सामय अचानक आग लग गई।

### तिरुपति धाम में श्री नारायण कीर्तन में उमड़े श्रद्धालु

**हिसार।** आध्यात्मिकता से ओतप्रोत श्री तिरुपति बालाजी धाम में श्री नारायण कीर्तन पूरी आस्था व श्रद्धा से किया गया। इस कीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। गायकों ने भजनों के माध्यम से भगवान की आराधना की और माहौल को आध्यात्मिक बना दिया।

---

## चैनत गांव से जल निकासी के लिए हांसी-बरवाला रोड के साथ अस्थाई ड्रेन बनाने के निर्देश दिए

# समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं जन समस्याएं

अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान करने के दिए निर्देश

बरसाती पानी निकासी कार्य तेजी से करवाना सुनिश्चित करें ताकि वहां रहने वाले लोगों को कोई दिक्कत नहीं हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

एसडीएम राजेश खोथ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपमंडल के जिन क्षेत्रों में फिलहाल अधिक जलभराव है वहां जल निकासी के अतिरिक्त प्रबंध कर बरसाती पानी निकासी कार्य तेजी से करवाना सुनिश्चित करें ताकि वहां रहने वाले लोगों को कोई दिक्कत नहीं हो।

एसडीएम राजेश खोथ सोमवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की जनसमस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने चैनत गांव से जल निकासी के लिए हांसी-बरवाला रोड़ के साथ एक अस्थाई ड्रेन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस ड्रेन को बनाने का कार्य तुरंत शुरू करें। एसडीएम ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि वह अपने विद्यालयों की छतों का निरीक्षण कर सुनिश्चित करें कि किसी भी विद्यालय की छत पर पानी का ठहराव नहीं होना चाहिए। इसके साथ-साथ स्कूल की इमारत की स्थिति का भी समय-समय पर निरीक्षण करते रहें। अगर इस दौरान किसी भी प्रकार की कोई कमी नजर आए तो तुरंत उच्च अधिकारियों को सूचित करें ताकि समय रहते प्रबंध पूर्ण किए जा सके।

एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भाटला पावर हाउस में जमा बरसाती पानी की निकासी का कार्य तेजी से करवाएं। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि फिलहाल बरसाती मौसम चल रहा है ऐसे में पौधारोपण के कार्य में और तेजी लाई जाए। उन्होंने नर्सरियों में फिलहाल उपलब्ध पौधों की रिपोर्ट भिजवाने के भी निर्देश दिए।

समाधान शिविर में नागरिकों द्वारा परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने, आधार कार्ड में त्रुटि ठीक करवाने को लेकर भी शिकायत प्रस्तुत की गई। एसडीएम ने सभी प्रस्तुत शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार दयाचंद, उप अधीक्षक धर्मवीर रंगा तथा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



हांसी। समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनते एसडीएम राजेश खोथ।



हिसार। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनती अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा।

### अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने समाधान शिविर में सुनी जन समस्याएं

**हिसार।** अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं। उन्होंने शिविर में उपस्थित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लोगों द्वारा रखी गई शिकायतों और समस्याओं का प्रभावी समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। एडीसी ने कहा कि शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर अधिकारी पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें। समस्या का समयबद्ध समाधान ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। समाधान शिविर में चंदलाल गार्डन निवासी अनिल महला ने नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी आईडी उपलब्ध न करवाने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने निगम अधिकारियों को प्रार्थी के समक्ष आ रही समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। गांव गंगवा निवासी पवन कुमार ने बिजली बिल ज्यादा आने व मनीराम की संबंधित कंपनी को रुपए देने के बावजूद काफी समय बीत जाने के बाद तक सोलर पैनल ने लगाने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसई को मामले की जांच कर आगामी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार बरवाला वार्ड नंबर एक निवासी अनूप कुमार तथा गांव मंगाली आकलान निवासी मंजू की स्कूल द्वारा एसएलसी न दिए जाने की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी को प्रार्थी के समक्ष आ रही समस्या को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

---

## रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन



हांसी। हिंदी की नन्ही कविताएं प्रतियोगिता के विजेता नन्हे मुन्नों को सम्मानित करती स्कूल प्राचार्या गीता मेहता व अन्य फोटो :हरिभूमि

- श्री काली देवी विद्या मंदिर में करावाई गई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर में हिंदी विभाग द्वारा सोमवार को विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी में नन्ही कविताएं प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें मुकुंद, कियांश, सावि, मुदित, डिलिशा, आद्विक और कृषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एलकेजी तथा यूकेजी के लिए अक्षर मस्ती क्विज हुआ, जिसमें एलकेजी से प्रगति सदन विजयी रहा। प्रथम और द्वितीय कक्षा के लिए शब्द श्रृंखला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम कक्षा से सात्विक,रिद्धि, पाही उप्पल, ईवान, नीति ने तथा द्वितीय कक्षा से खेवन, अग्रिम, युविका, आयांश, ईवाना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तीसरी से पांचवी तक के लिए श्रुतलेखन स्पर्धा रखी गई, जिसमें तीसरी कक्षा से जियाना, मीहान, सिमरन,कायरा तथा नंदिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

नवमी कक्षा में सूचना सृजन प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें हिमाक्षी और भव्या विजेता बने। कक्षा दसवीं में विज्ञापन शिल्पकार प्रतियोगिता हुई, जिसमें चेष्टा, निशिता और अर्पिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए यह भी कहा कि मंच पर आकर अभिव्यक्ति करना न केवल आत्मविश्वास बढ़ाता है, बल्कि जीवन कौशल के विकास में भी सहायक होता है।

### फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों का ऑनलाइन ड्रॉ कल

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों का ऑनलाइन ड्रॉ 3 सितंबर को निकाला जाएगा। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि वर्ष 2025 व 26 के दौरान व्यक्तिगत कृषि यंत्र अनुदान श्रेणी हेतु आवेदकों का चयन जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी एवं आवेदक किसानों की उपस्थिति में स्थानीय लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित सभागार में प्रातः 10 बजे किया जाएगा। सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मशीनों की वरीयता के अनुसार कुल आवेदकों का 33 प्रतिशत ड्रा के माध्यम से चयन होगा। बेलर मशीन के लिए कुल आवेदकों का 28 प्रतिशत ड्रा के माध्यम से चयन होगा।

---

## 90 फीसद बंद हो चुकी सांस की नली का सफल ऑपरेशन

- सर्वोदय हॉस्पिटल तथा हिसार के चिकित्सा इतिहास का सबसे बड़ा व पहला सांस की नली का ऑपरेशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी और कैंसर हॉस्पिटल के वरिष्ठ छाती रोग विशेषज्ञ और ब्रोंकोस्कोपिस्ट डॉ आज़ाद सिंह ने हिसार में पहली बार मरीज की सांस की पाइप,जो करीबन 90 फीसद बंद हो गई थी, उसे दूरबीन द्वारा बिना चीरफाड़ के ठीक किया और सर्वोदय हॉस्पिटल तथा हिसार के चिकित्सा इतिहास का सबसे बड़ा व पहला सांस की नली का ऑपरेशन किया। बता दें कि अनुराग नाम का एक युवक सांस की बीमारी से काफ़ी दिनों से परेशान था। जब डॉ. आज़ाद सिंह के पास वह सर्वोदय हॉस्पिटल आया तो उसके सांस से बहुत तेज सीटी जैसी आवाज़ आ रही थी जो की नार्मल सांस की बीमारियों जैसे अस्थमा से बिल्कुल अलग थी। अनुराग को बैठे बैठे भी सांस लेने में भी बहुत दिक्कत हो रही थी। जब डॉ. आज़ाद सिंह ने ब्रोंकोस्कोपी की तो पाया कि उनकी सांस की नली करीबन 90 फीसद बंद हो रखी थी।



हिसार। अनुराग का सफल इलाज करने वाले सर्वोदय अस्पताल के चिकित्सकों की टीम। फोटो : हरिभूमि

### दूरबीन से किया गया ऑपरेशन

बीमारी की गंभीरता को देखते हुए डॉ आज़ाद सिंह ने उन्हें दूरबीन द्वारा ऑपरेशन करवा कर इसे ठीक करवाने की सलाह दी और बड़े संवेदना के साथ मरीज और उनके घरवालों को समझाया। बेहोशी विभाग के डॉ वैभव, डॉ संदीप और उनकी टीम के साथ मिलकर डॉ. आज़ाद सिंह, डॉ. विशाल, डॉ. रवीन्द्र वर्मा और डॉ. साहिल गुप्ता ने मरीज की सांस की नली को दूरबीन द्वारा कई घंटों के जटिल ऑपरेशन से वापस खोल दिया। ऑपरेशन के बाद न केवल अनुराग को सांस में आराम है बल्कि आज वो सीढ़ियां चढ़ने में भी सक्षम है।

---

## राजकीय महाविद्यालय तथा सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एमओयू पर किए हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय तथा सिटी कॉलेज आफ एजुकेशन आर्य नगर के बीच शैक्षणिक गतिविधियों में पारस्परिक सहयोग के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। नेक द्वारा ए ग्रेड प्राप्त राजकीय कॉलेज की शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर जारी गतिविधियों में अपनी विशिष्ट पहचान है। दूसरी ओर सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन समाज को भावी शिक्षक प्रदान करने की दिशा में बीएड, बीए बीएड, डीएड तथा बीएससी की उपाधि प्रदान करता है। बीए, बीएससी के साथ संयुक्त रूप से चार वर्षीय बीएड की डिग्री देने वाला यह जीजेयू से संबंधित स्वपोषित कॉलेज है। उक्त समझौता राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विवेक कुमार सैनी तथा सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के निदेशक महावीर सिंह के बीच हुआ। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय के कामर्स विभाग के राजेश पूनिया व बॉटनी विभाग के डा. रावकुमार भी उपस्थित थे। इस एमओसी के तहत कॉलेज शिक्षा व शिक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्यवन, शोध, शैक्षणिक सामग्री का आदान-प्रदान संयुक्त रूप से कार्यशालाओं, सेमिनारों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन इत्यादि साधनों व ससंधानों का आदान-प्रदान करेंगे।



हिसार। एमओयू के मौके पर उपस्थित प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी तथा सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के निदेशक महावीर सिंह व अन्य। फोटो :हरिभूमि

---

## गुजवि के हिंदी विभाग के छात्रों ने किया नेट क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा जेआरएफ/नेट परीक्षा क्वालीफाई कर विभाग और विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. राकेश बहमनी, प्रभारी डॉ गीतू धवन, प्रवक्ता डॉ शर्मीला व डॉ कल्पना ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश बहमनी ने बताया कि कि एनटीए द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। नेट एग्जाम पास करने वाले विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई, हिंदी विभागाध्यक्ष, शिक्षकों और माता-पिता को दिया है।

विभाग की प्रभारी डा. गीतू धवन ने बताया कि बैच 2023-25 से उषा बिश्नोई, सोमनाथ और हिम्मता ने असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए नेट परीक्षा उत्तीर्ण किया है। बैच 2024-26 से पूनम बिश्नोई ने असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। साथ ही पास आउट बैच 2020-22 से दिनेश ने जेआरएफ और हिमांशु एवं ममता ने नेट क्वालीफाई किया है।

---

## स्वच्छता अभियान में शहर का हर नागरिक बने भागीदार : नीरज


- निगमायुक्त ने अभियान के तहत चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगमायुक्त नीरज ने सोमवार को शहर के प्रमुख क्षेत्रों का निरीक्षण किया और स्वच्छता कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण में गणेश मार्केट, ग्रीन स्क्वेयर मार्केट, रेड स्क्वेयर मार्केट, बस स्टैंड, सेक्टर-14, मलिक चौक, कैम्प चौक, सब्जी मंडी चौक, सेक्टर 1-4, जिंदल चौक, आईटीआई चौक, साउथ बायपास, राजगढ़ रोड, सेक्टर-15, कैमरी रोड सहित कई इलाकों में चल रहे सफाई कार्यों को देखा गया। इस दौरान मलिक चौक के आस-पास वैक्यूम मशीन के सहायता से कचरा का उठान किया गया। इसके साथ कर्मचारियों ने भी मलिक चौक तथा जिन्दल चौक पर सड़क पर झाड़ू लगाई और किनारों से मिट्टी व ठोस कचरे का उठान भी किया। अभियान के दौरान लक्ष्मीबाई चौक से मलिक चौक तक, सिरसा चुंगी के आस-पास पेड़ों की छंगाई की गई। सेक्टर 14, सिरसा रोड, सिविल हस्पताल के पास, तालाकी गेट, क्लॉथ मार्केट, दिल्ली रोड, साउथ बाईपास, मॉडल टाउन आदि क्षेत्रों में अभियान के दौरान सफाई करवाई गई, कचरे का उठान करवाया गया।



हिसार। दिशानिर्देश देते निगमायुक्त नीरज। फोटो :हरिभूमि




उकलाना। स्कूल चेयरमैन डॉ. केसी शर्मा के साथ स्वर्ण पदक विजेता छात्र दीपक।

### आरडीएम स्कूल के दीपक ने जूडो में जीता स्वर्ण

**उकलाना।** महाबीर स्टेडियम में जिला स्तर प्रतिस्पर्धा में आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल के छात्र ने जुडो' अंडर-17 में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। विद्यालय पहुंचने पर दीपक का तालियों के साथ स्वागत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. केसी शर्मा और प्रधानाचार्या शालू एस कटारिया ने उन्हें बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक विजेता बनने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी छात्र किसी ने किसी खेल के साथ अवश्य जुड़े और इसी तरह अपने विद्यालय, क्षेत्र और देश का नाम रोशन करें ।

---

## बरसात के बीच एसडीएम ने दौरा कर जलभराव स्थिति का लिया जायजा

- अधिकारियों को जल निकासी प्रबंध करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

बरसात के बीच एसडीएम राजेश खोथ ने सोमवार को उपमंडल क्षेत्र का दौरा कर जल भराव की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भाटला गांव स्थित पावर हाउस का निरीक्षण किया, जहां भारी बरसात के कारण पानी जमा हो गया था।

एसडीएम राजेश खोथ ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि पावर हाउस परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों से पानी की त्वरित निकासी सुनिश्चित की जाए ताकि स्थानीय जनता एवं बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या को प्राथमिकता से निपटाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने सिंचाई विभाग तथा पंचायत विभाग के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ताकि पानी की निकासी में कोई बाधा न आए। साथ ही, उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों को पावर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने और जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाने के भी आदेश दिए।



हांसी। बरसात के बीच उपमंडल क्षेत्र का दौरा कर जल भराव स्थिति का जायजा लेते एसडीएम राजेश खोथ। फोटो :हरिभूमि

---

**बाबा प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट में श्री राधा अष्टमी का भव्य कार्यक्रम आयोजित**

## महिलाएं माता राधा रानी, दुर्गा व माता लक्ष्मी का रूप

बारिश होने के बावजूद देर रात तक चला कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बाबा प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट में श्री राधा अष्टमी का भव्य कार्यक्रम संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के दौरान बारिश होने के बावजूद देर रात तक चला। जिसमें हरियाणा, पंजाब व राजस्थान के कलाकारों द्वारा श्री गणेश जी, श्री राधा कृष्ण जी, भगवान शिव पार्वती जी, बाबा हनुमान जी, भगवान श्री कृष्ण सुदामा आदि झांकियां की सुंदर-सुंदर प्रस्तुति देकर भक्तों का मन मोह लिया। प्रयाग गिरी शिवालय ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग ने उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत देश में महिलाओं को माता श्री राधा, दुर्गा व माता लक्ष्मी जी का रूप माना जाता हैं। जिनके कारण घर में सुख शांति बनी रहती है। माताओं के आशीर्वाद से हम रात-दिन तरक्की करते हैं। हिसार धर्म नगरी है जहां पर हर रोज अनेक धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं।

कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा राधा तेरे चरणों की धूल जो मिल जाए, कृपा बरसाना औ बरसाने वाली, मैं जहां भी रहूं बरसाना मिलना, जन्म जन्म साथ है तुम्हारा हमारा , राधे राधे जपा करो, वृंदावन में हुकुम चले बरसाने वाली की। आदि गीतों पर भक्त देर रात तक झूमते रहे। बजरंग गर्ग ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



हिसार। प्रयागगिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षाण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग कलाकारों को सम्मानित करते हुए।

### वैश्विक व्यापार और ईंधन सुरक्षा मजबूत हुई

*इस अवसर पर सचिव सुरेंद्र सिंगला, प्रबंधक ओमप्रकाश असीजा, संयोजक जगत नारायण, पार्षद भीम महाजन, कोषाध्यक्ष प्रवीण जैन, महिला संयोजक ज्योति बबर, ऋषि राज गर्ग, अरविंद गुप्ता, रमेश पटवारी, विजय गावड़ीया, मांगेराम रालवासिया, चरण दास, बजरंग असरावां, सत्यपाल असीजा आदि समाजसेवी भारी संख्या में मौजूद थे।*